हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

14 होली फेथ स्कूल में मनाया गया हरेली पर्व

14 लगातार बारिश से वृद्धा का कच्चा मकान गिरा


# जलाभिषेक के लिए हजारों कांवरिए बम्हनी से रवाना, जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने बम्हनी से हजारों कांवर यात्री रवाना हुए। ये सभी कांवर यात्री रविवार को सिरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे, पश्चात सोमवार को गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। मंदिर के पुजारी अनुसार सुबह से ही कांवर यात्री सिरपुर के लिए लगातार रवाना हो रहे हैं।

कांवर यात्रियों के लिए यहां समिति की ओर से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है। जिसमें शिव भक्त झूमते नजर आए। इसी तरह तुमगांव का एक कांवरिया दंडवत प्रणाम करते हुए सिरपुर के लिए यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने मौन व्रत ले रखा है, उनके साथ चल रह कांवरियों ने बताया कि भोलेनाथ रिझाने वे दंडवत प्रणाम करते हुए कांवर यात्रा कर रहे हैं। अनुमान है कि 8 हजार से अधिक यात्री सिरपुर जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। कांवर यात्रियों के लिए बम्हनी से लेकर सिरपुर तक जगह-जगह जलपान, भंडारा की व्यवस्था की गई है।

## कांवरियों के लिए अनेक जगह भोजन की व्यवस्था के साथ भजन संध्या का भी आयोजन

### भाजपाइयों ने किया कांवरियों का स्वागत

भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू द्वारा भगवान गंधेश्वर शिवलिंग में जल अभिषेक के लिए श्वेत गंगा बम्हनी से सिरपुर तक कांवर यात्रा पर भाजपा जिला कार्यालय के सामने भाजपा शहर मंडल द्वारा आरती पूजन एवं स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष के साथ राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, गुमान कोचर, योगेश लूनिया, आदित्य जैन एवं अन्य लोगों ने भी कांवर यात्रा में सिरपुर पहुंचे।




### स्वागत के दौरान ये रहे मौजूद

कांवर यात्रा के स्वागत के दौरान छग कृषि एवं बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण राजेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, माखन पटेल, शहर महामंत्री द्वय मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मुन्ना साहू, हनीष बग्गा, हिमांशु चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, शरद मराठा, नईम खान, राजेश डडसेना, जगदीश टावरी, गौरव राठी, भगवती करकसे, मकसूद खान, महेंद्र सिक्का, समीर करकसे रामेश्वर पटवा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चेनलिंक फेंसिंग तार की चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** वन परिक्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कक्ष क्रमांक 69 से चेनलिंक फेंसिंग तार चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वन परिक्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कक्ष क्रमांक 69 रकबा 20 हेक्टेयर क्षेत्र में भारतमाला परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति सिंचित मिश्रित वृक्षारोपण किया गया है जिसकी सुरक्षा के लिए चैनलिंक फैसिंग कार्य कराया गया है। जिसमें से लोहे का तीन बंडल चैनलिंक फैसिंग तार कीमत करीबन 14 हजार को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने धारा 305(ई) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।



### बस स्टैंड में युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली के बस स्टैंड में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं. 12 उड़ियापारा निवासी मनोज ने बताया कि वह सरायपाली बस एजेंट का काम करता हैं। 25 जुलाई की दोपहर दो बजे बस स्टैंड सरायपाली काम पर गया। इस दौरान वह वहां बैठा था, उसी समय कमलेश कानूनगो उर्फ शिल्लु और प्रकाश सिंह के बीच लड़ाई हो रही थी। तभी प्रकाश बेवजह उसे गाली गलौज करने लगा। जब प्रार्थी ने मना किया तब जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अतिक्रमण बताकर तोड़ दिया मकान

**महासमुंद।** कोमाखान के स्टैंड के पास बने एक मकान को शासकीय जमीन में कब्जा कहकर दो लोगों ने तुड़वा दिया। पुलिस को ग्राम खट्टी निवासी शिवचरण कुर्रे ने बताया कि उसे करीबन 5 माह पहले खट्टी गांव के बस स्टैंड के पास शासकीय जमीन पर एक कमरे का अपना एक कच्चा मकान बनाया था। जिसे लेकर गांव के ही कौशिक राम पटेल पिता अगहन पटेल और जोगेंद्र पटेल पिता दयालाल पटेल अतिक्रमण हटाओ कहकर विवाद करते रहते थे, इसके बाद 5 जुलाई की देर रात्रि उसके बनाये हुए घर को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इसके बाद जब उसने कौशिक राम पटेल एवं जोगेंद्र पटेल से मिल कर पूछा तो दोनों गाली गलौज करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## आफत : क्षेत्र के छोटे व मध्यम नाले उफान पर, अनेक मार्ग बंद

# शहर में निचली बस्तियों के लिए मुसीबत साबित हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर की निचली बस्तियों के लिए पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश मुसीबत बन गई है। कई स्थानों में पानी भर गया है। वहीं कई छोटे बड़े नाले उफान पर है। मुख्यालय को हाईवे से जोड़ने वाले तुमगांव मार्ग में भी कई स्थानों पर नाला में उफान के चलते आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह से देर शाम तक के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 305.7 मिमी वर्षा हुई जिसका औसत 50.9 मिमी रहा। एक जून से लेकर आज तक कुल 2941.5 मिमी वर्षा हुई, (औसत 490.2 मिमी) है। अभी तक जिले में वर्षभर की औसत बारिश का 46.3 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। बता दें कि दक्षिण-पश्चिम कम दबाव के चलते बने चक्रवात के कारण एक बड़ा सिस्टम बन रहा है जिससे जिले में शुक्रवार से शुरू हुई मध्यम बारिश आज सुबह तक जारी रही। जिले के पिथौरा तहसील में सबसे अधिक 94.9 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। इसी प्रकार महासमुंद में 69.5 मिमी, बागबाहरा में 52.7 मिमी, कोमाखान में 45 मिमी, बसना में 26.9 मिमी और सरायपाली में 16.7 मिमी बारिश दर्ज की गयी है।

जानकारी के अनुसार बारिश से एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाली सड़कें नाला में उफान के कारण बंद हो गई है। गांव की निचली बस्तियों में पानी भर गया है। कई गांवों में लोगों के घरों में पानी भर गया है। बम्हनी-चिंगरौद पुल, पीढ़ी-गढ़सिवनी नाला, कोसमनाला में उफान से मार्ग बंद हो गया है। ग्राम लंगहर, तेंदूवाही, कुकराडीह, परसाडीह, खड़सा के निचली बस्तियों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास ऊपरी हवा में एक चक्रवात बना हुआ है। कुछ सिस्टम भी सक्रिय है। जिससे प्रदेश में बारिश जारी है।

आज रविवार को मध्यम से भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। 28 जुलाई के बाद वर्षा गतिविधियों में कमी आएगी।



### धान फसल के लिए बारिश वरदान, सब्जियों को नुकसान

अनवरत जारी बारिश धान की फसल के लिए वरदान साबित हो रही है। वहीं, सब्जी की फसलों के लिए यह आफत बन गई। पिछले दिनों बारिश थमने के बाद रोपा लगाने के बाद खेतों में खाद व दवाइयां डालने के लिये पानी की आवश्यकता होती है। शुक्रवार से शुरू हुई बारिश से यह कमी तो पूरी हो गई। लेकिन, जिन किसानों ने सब्जियाँ लगाई है यानी पत्तेदार तथा नारवाली सब्जियां जैसे परवल, खीरा, टमाटर ऐसी सब्जियों लगातार बारिश से नुकसान हो रहा है।




### रेस्क्यू टीम ने बचाई दंपति की जान

बीती रात ग्राम तर्रा-धरसीवां निवासी पति-पत्नी नील कमल निषाद, ज्योति निषाद बाइक से पीढ़ी-गढ़सिवनी नाला पार करते समय बह गए। उन्हें बचाने के प्रयास में दो ग्रामीण भी बहने लगे। सूचना पर प्रशासन की रेस्क्यू टीम ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इसी प्रकार ग्राम खड़सा के कमारडेरा में बारिश का पानी घरों में भर जाने के कारण वे फंस गए। सूचना पर प्रशासन ने कमारडेरा से दस लोगों को रेस्क्यू कर पंचायत भवन में रहने की व्यवस्था और खाने-पीने की व्यवस्था की है।

# हरेली के दिन लगा घसकुढ़ में जमावड़ा जलप्रपात से गिरकर युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुरानगरी सिरपुर के करीब स्थित घसकुढ़



जलप्रपात से गिरकर युवक घायल हो गया। घटना हरेली त्यौहार के दिन की बताई जा रही है। हरेली के दिन छुट्टी होने के कारण दूर दूर से लोग यहां पिकनिक मनाने आए हुए थे। परिवार के साथ आए लोग यहां खाना बनाने और खाने में व्यस्त थे। वहीं युवा और मनचले युवक शराब के नशे में झूमते नजर आए। इस बीच जलप्रपात के ऊपर एक युवक का पैर फिसला और चट्टान टकराकर काफी गंभीर तौर पर घायल हो गया।

बता दें कि प्रकृति की गोद में बसा घसकुढ़ जलप्रपात सिरपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह स्थल बारिश के मौसम में लोगों को खूब आकर्षित करता है। लेकिन, सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर प्रशासन द्वारा यहां कोई व्यवस्था लागू नही की गई है। सामने आए विडियों में स्पष्ट देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में लोग बिना किसी सुरक्षा के चट्टानों पर चढ़े हुए हैं, बच्चे और युवा फिसलन भरे किनारों पर नहाते नजर आ रहे हैं।

### न गार्ड, न चेतावनी बोर्ड, न बैरिकेड्स

झरने के आसपास न तो गार्ड की ड्यूटी है और न ही कोई चेतावनी वाला सूचना फलक। झरने का पानी जहां से नीचे आता है वहां पर भी कोई रोकटोक के लिए बेरिकेडिंग नहीं होने से लोगों के लिए यह जलप्रपात खतरा बना हुआ है। प्रशासनिक लापरवाही के चले यह जलप्रपात काफी खतरनाक हो गया है।

### खुलेआम शराबखोरी और गंदगी

जंगल में जगह-जगह टोलियों में बैठे युवा और प्राकृतिक वातावरण के बीच पक रहे मांस और शराबखोरी के चलते यह पर्यटन स्थल बदहाल होता जा रहा है। ग्रामीणों ने की मानें तो आए दिन यहां शराबखोरी और विवाद की स्थिति देखी जा सकती है। मना करने पर लोग मारपीट पर भी उतारु हो जाते हैं। हैरत की बात यह है कि विभिन्न मीडिया माध्यमों से लगातार यहां पर हो रही कारगुजारियों के खुलासे के बाद भी कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है।

### घटना में घायल युवक

हरेली के दिन हुई घटना में एक युवक ऊपरी चट्टान से फिसलकर नीचे गिर गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि युवक को गंभीर चोटों के बाद तत्काल प्राथमिक इलाज कराया गया और युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# गुरमीत बागबाहरा नगर प्रभारी नियुक्त, मंडल तथा सेक्टर कमेटी का करेंगे पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल तथा सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन करने के लिए ब्लॉक प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। जिसमें महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ एवं सक्रिय नेता गुरमीत चांवला को बागबाहरा नगर का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

गुरमीत लंबे समय से कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता एवं संगठन में विभिन्न पदों पर भी रहे हैं। पूर्व में पार्षद तथा एल्डरमैन रह चुके है। साथ ही संगठन के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं तथा पार्टी से मिलने वाली जिम्मेदारियों का लगातार निर्वहन करते आ रहे हैं। अपनी नियुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए गुरमीत चावला ने बताया है की उनका कार्य उदयपुर नव-संकल्प शिविर में पारित प्रस्तावों को लागू कर मंडल तथा सेक्टर कमेटी का गठन करना है।



नियुक्ति के लिए गुरमीत चावला ने प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर तथा प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इनकी नियुक्ति पर शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, एडवोकेट भरत ठाकुर, तुलसी साहू, निर्मल जैन, प्रदीप चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, नितेंद्र बेनर्जी, हर्षित चंद्राकर, प्रकाश अजमानी, राजू साहू, जावेद चौहान, नीलू साहू, मोती साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नेशनल हाईवे में अज्ञात वाहन की ठोकर से ई-रिक्शा सवार एक मृत, सात लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-53 बिरकोनी चौक पेट्रोल पंप के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा को सामने से ठोकर मार दी। जिससे रिक्शा में सवार एक युवती की मौत हो गई वहीं अन्य सात को मामूली चोटें आई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार घोड़ारी निवासी शीतल भारती (30), ट्विंकल बंजारे (21), शारदा परमार (20), डिगेश्वरी ओगरे (20), सरिता परमार (28), संध्या ओगरे (27), चंद्रमुखी बंजारे (22), अनिशा कुर्रे (19) सभी बिरकोनी स्थित एक निजी कंपनी में मजदूरी करते थे। सुबह वे सभी अविनाश तिवारी की इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा क्रमांक सीजी 06 एच सी 9485 से कंपनी की ओर निकले। सुबह करीब 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर एक ट्रक ने बिरकोनी चौक पेट्रोल पंप के पास सामने से ठोकर मार दी, जिससे रिक्शा में सवार पांच घायल हो गए जिसमें से एक गंभीर व शेष को मामूली चोटें आई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इधर, घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज लाया गया जहाँ इलाज के दौरान अनिशा कुर्रे की मौत हो गई। वहीं चार का इलाज जारी है व शेष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



## जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# दुर्गेश्वरी कंपाउंड एवं डूमेश्वरी रिकर्व में रही प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में 25 जुलाई को आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड के खिलाड़ी अंडर 14, 17, 19 वर्ष आयु के बालक एवं बालिका ने इंडियन राउंड, रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड में शामिल हुए। विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, डॉ. विकास अग्रवाल, अरविंद छाबड़ा ने शुभकामनाएं दीं। संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में 7 अगस्त को आयोजित की जाएगी, जिसमें रायपुर संभाग अंतर्गत धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, महासमुंद और बलौदाबाजार जिले के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. पूर्णेंद्र चंद्राकर अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, व्यायाम शिक्षक हिरेंद्र देवांगन, डॉ. सुनील कुमार भोई, राजेश्वरी ध्रुवंशी, ऋषि कपूर साहू, बसंत कुमार मांझी, तेज बहादुर चक्रधारी का विशेष योगदान रहा।


प्रतियोगिता के परिणाम बालिका वर्ग में इंडियन राउंड 14 वर्ष में हर्षा प्रजापति सेजेश बागबाहरा ने प्रथम, 17 वर्ष में वैशाली साहू कन्या शाला बागबाहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष में सरोज भारती ने प्रथम एवं टिकेश्वरी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कंपाउंड राउंड 17 वर्ष में दुर्गेश्वरी साहू भोरिंग महासमुंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिकर्व राउंड 17 वर्ष में डुमेश्वरी साहू भोरिंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में इंडियन राउंड 14 वर्ष में लक्ष्मण चंद्राकर पूर्व माध्यमिक शाला खोपली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 17 वर्ष में गजेंद्र निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोपड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 19 वर्ष में भास्कर साहू शासकीय हाई स्कूल खोपली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- जिला स्तरीय तीरंदाजी में सरोज भारती, वैशाली साहू, हर्षा प्रजापति, डूमेश्वरी साहू, जया साहू व दुर्गेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया
- जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता भोरिंग में 7 को होंगे शामिल



# बच्ची को मारने पर विवाद परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बच्ची को मारने को लेकर हुए विवाद में उसके परिवार के साथ भी मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को सुंदरलाल साहू निवासी ग्राम जामगांव थाना बागबाहरा ने बताया कि 25 जुलाई की सुबह 9 बजे उसकी बेटी स्कूल जाने घर से निकली थी, कुछ देर बाद घर वापस आकर उसने बताय कि वह स्कूल जा रही थी तभी निखिल गोस्वामी की पत्नी ने बुलाया और और मेरी बेटी से क्यों गाली गलौज करती है कहकर उसे मारा। बच्ची के यह बताने पर प्रार्थी की पत्नी कांति साहू, भाभी महेश्वरी साहू, मां केजाबाई और भाई सुंदर सिंह के साथ निखिल गोस्वामी के घर पास पहुंचा इस दौरान उसकी पत्नी निखिल गोस्वामी की पत्नी ओमेश्वरी गोस्वामी से मेरी बेटी को मारने के संबंध में बात कर रही थी, तभी ओमेश्वरी गोस्वामी ने हम लोगों से गाली गलौज करते कहा कि तुम्हारी बेटी ने मेरी बेटी को गाली दी है तो क्यों नहीं मारेंगे कहा। जब उसे गाली देने से मना किया तब निखिल गोस्वामी और उसका छोटा भाई घर से डंडा लेकर निकले और प्रार्थी के घर के पास आकर गाली गलौज करते मारपीट करने लगे। मारपीट से सुंदर सिंह के सिर में चोट आई है और प्रार्थी के दांये हाथ की कलाई के ऊपर एवं सिर में चोट आई है। मामले की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए हुआ चौथा टेस्ट सीरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज चौथा व अंतिम टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़, भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। साथ ही नवकिरण अकादमी में फाउंडेशन कोर्स की



नई बैच की क्लासेस 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ नवकिरण अकादमी में सीजीपीएससी–एसआई व्यापम-शिक्षक भर्ती, आरक्षक भर्ती, पटवारी भर्ती, आरआई, सहायक ग्रेड-3, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एसएससी संयुक्त भर्ती परीक्षा, रेलवे ग्रुप-डी आदि प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन कोर्स की नई बैच 1 अगस्त 2025 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। नई बैच की क्लासेस 1 अगस्त 2025 से प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायंकालीन में शाम 04 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी।

# तीन राज्यों के युवाओं के साथ चैम्पियनशिप मैच का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत चिरको के शासकीय नवीन कालेज चिरको और शासकीय हाईस्कूल परसदा के युवा-युवतियों ने 40 का समूह बनाकर उनके बीच संविधान से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर 12 अड्डा प्रत्येक सप्ताह तक अलग अलग माध्यम से किया गया। श्रीजन कल्याण समाज सेवी संस्था के फैसीलेटर विष्णुप्रिया ठाकुर ने बताया कि कम्युनिटी द यूथ कलेक्टिव के मार्गदर्शन सहयोग में जन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य हर युवा एक जागरुक नागरिक बन सके और एक संवैधानिक रुप से सामुदायिक विकास के लिए कार्य करें और क्षेत्रों के मद्दों का समाधान करने के लिए साथ काम करें।

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख हेमलता राजपूत ने बताया कि 9 माह के यात्रा के बाद भारत के तीन राज्यों के बीच लाने वाले इस कार्यक्रम के दौरान पहला राऊंड, दूसरा राऊंड मैच और अंतिम में 23 से 24 जुलाई तक चिरको कालेज और हाई स्कूल परसदा के युवाओं द्वारा चैम्पियनशीप सेमीफायनल मैच में भाग लिया गया। जिसमें मुख्य रुप से राजस्थान, ओडिशा के युवा अलग-अलग संस्थाओं से शामिल थे, जिन्हें अपनी यात्रा की बातें अलग अलग विषयों के माध्यम से तीन चरणों में बताना था। फ्लुटोरो, कहानी, स्वयं के बदलाव समुदाय में बदलाव को सबूत के माध्यम से जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में महासमुंद के श्रीजन संस्था के एकता और अंजोर लैब के युवाओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। जिसमें चिरको शासकीय नवीन कालेज से शिवम पटेल कैम्पटन और फैसीलेटर विष्णुप्रिया प्रकाश ठाकुर एवं टीम का महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम में होस्ट, को-होस्ट और जुरी साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी विजेता टीम को 50 पूर्णांक में 40, 39, 38 अंक देकर सम्मानित किया गया।

# पूर्व विधायक ने पहले क्यों नहीं किया शराब फैक्ट्री का विरोध?: डॉ. चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर द्वारा दिए जा रहे बयानों को उल-जूलूल बताते हुए कहा है कि ग्राम अछोली में निर्माणाधीन पिकाडिली शराब फैक्ट्री की स्थापना पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के कार्यकाल एवं कांग्रेस स्वीकृति से प्रारंभ हुआ।

चंद्राकर अवगत हों कि शराब निर्माण में बहुत ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। पानी तो बोर के माध्यम से लिया जाता तो गांव व आसपास के घरों व खेत के बोर सूख जाते और यदि नदी से लिया जाए तो क्षेत्र वासियों के साथ अन्याय होगा। फिर उन्होंने इसकी स्थापना का विरोध क्यों नहीं किया? डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि उद्योगों की स्थापना भी क्षेत्र विकास के लिए आवश्यक है। परंतु, इसकी स्थापना से जनता की हितों का हनन नही होना चाहिए।

प्रदूषण, पानी की समस्या लोगों के जमीन का अधिग्रहण इन समस्याओं का सामना क्षेत्रवासियों का न करना पड़े इसका ध्यान शासन प्रशासन को रखना चाहिए।

# राष्ट्रीय विरासत क्विज प्रतियोगिता में वृंदावन विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद**। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक विरासत शिक्षा एंव संचार सेवा नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर महासमुंद अध्याय ने शालेय विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय विरासत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन नवकिरण अकादमिक केन्द्र महासमुंद में किया गया। प्रतियोगिता में वृंदावन विद्यालय के चारों टीमों को द्वितीय चरण में जाने का अवसर प्रदान हुआ, जिसमें वृंदावन विद्यालय ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए



प्रेरणादायक टिप्स दिए। इसके साथ-साथ संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने स्वागत भाषण में प्रतियोगिता के बारे में समझाया। स्पर्धा में नगर के 11 विद्यालयों के 7वीं से 10वीं तक के कुल 110 विद्यार्थी शामिल हुए। 40 मिनट लिखित स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर के 12 राज्य स्तर के 5 एवं इंटैक संबंधित तीन प्रकार कुल 20 प्रश्न पूछे गए। इसका मूल्यांकन प्रतियोगिता स्थल पर ही हुआ। प्राप्तांकों के आधार पर 4 टीमों का मौखिक स्पर्धा हुआ। जिसका परिणाम की घोषणा संयोजक दाऊलाल चंद्राकर के द्वारा किया गया। जिसमें वृंदावन विद्यालय के सभी 4 टीमों को आगे जाने का अवसर प्राप्त हुआ। उच्चत्तम प्राप्तांकों के आधार पर वृंदावन विद्यालय के छात्र अमन यादव व नमन साहू कक्षा 10वी की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बने। जिसे आगामी राज्य स्तरीय स्पर्धा में शामिल होने के लिए चयन किया गया। द्वितीय स्थान वृंदावन विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्रा भूमि देवांगन और पूर्वा चंद्राकर की टीम ने हासिल किया। तृतीय विजेता भी वृंदावन विद्यालय के कक्षा 10 वीं के छात्र छात्रा मिथलेश कागजी और रक्षा पटेल की टीम रही। सफलता की इस कड़ी में संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर हर्ष जताया।



# शहर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन 3 को

**महासमुंद**। भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा 3 अगस्त को सुबह 9 बजे से स्थानीय पंचशील क्लब में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया गया है। नगर व जनकल्याण भाव से आयोजित इस सामूहिक पूजन में पूजन सामग्रियां आयोजन समिति द्वारा निशुल्क प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के जुगनू चंद्राकर, मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक, दिलीप जैन ने बताया कि आयोजन पूर्णतः निशुल्क है। शिवलिंग बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं को अपने साथ थाली, परात लेकर आना है। साथ ही पूजन के लिए फूल व बिल्व पत्र लाना है।



उन्होंने बताया कि पं पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में पूजन विधान पूर्ण किया जाएगा। पूजन अभिषेक के बाद भंडारा तथा भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी, जो महामाई तालाब पहुंचकर समाप्त होगी। आयोजन को लेकर पंचशील क्लब में बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रूप से मनोजकांत साहू, गिरजाशंकर चंद्राकर, अजय साहू, हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, ललिता चंद्राकर, अन्नु चंद्राकर, मीना चंद्राकर, विमला यादव, कृष्णकुमार चंद्राकर, श्वेता गुप्ता, लीना कमल, निरंजना चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर, मंजुला शर्मा, बबली तारक, कामनी पांडे, उत्तरा साहू, सोनिया साहू, प्रतिभा यदु, निर्मला विश्वकर्मा, ईश्वरी चंद्राकर, सीता यादव, मोहनी शर्मा, सावित्री यादव, लक्ष्मीन यादव, बसंती यादव आदि मौजूद थे।

## सावित्रीपुर स्कूल में छात्रसंघ का गठन, दिलाई गई शपथ

**सांकरा**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में संस्था प्राचार्य पी सिदार के निर्देशन और वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू और बीडी साहू के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में छात्र संघ चुनाव हुआ। दुष्यंत साहू शाला नायक, टिकेश्वरी निषाद उपशाला नायक, डिलेश्वरी क्रीड़ा सचिव, रोशनी को उप क्रीड़ा सचिव, क्रेस पाठक सांस्कृतिक सचिव, प्रीति डहरिया उप सांस्कृतिक सचिव, नेहा पुस्तकालय प्रभारी, सुरेंद्री उप पुस्तकालय प्रभारी चुने गए। इसके अलावा कक्षा नवमी के कक्षा नायक



संदीप, उप कक्षानायक जमुना, कक्षा दसवीं के कक्षा नायक सितेश उप कक्षा नायक पायल, कक्षा ग्यारहवीं कक्षा नायक केशव, उप कक्षा नायक अनामिका, कक्षा 12वीं के कक्षा नायक संध्या, उप कक्षानायक जज कुमार को भी निर्वाचित किया गया। चुनाव के बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर मुकेश ने सरकार को घेरा, बताया जनविरोधी फैसला

**पिथौरा (ग्रामीण)**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बिजली की दरों में की गई 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने कड़ा विरोध जताते हुए इस निर्णय को गरीब और मध्यम वर्ग



विरोधी बताया और सरकार से तत्काल इसे वापस लेने की मांग की। मुकेश ने कहा कि यह फैसला मध्यम वर्गीय परिवारों, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कुप्रबंधन और भ्रष्ट नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी (सीएसपीडीसीएल) को 4,550 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है, जिसका बोझ अब आम जनता पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि पंपों के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी ने पहले से ही परेशान किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उन्होंने सरकार के उस दावे को भी खारिज किया, जिसमें कहा गया है कि बिजली दरों में सिर्फ 1.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है और इसका असर नगण्य है। उन्होंने सरकार से जनहित में इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है और कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## विश्व आईवीएफ दिवसः 40 दंपत्तियों ने साझा किए अनुभव, छलके आंसू

**महासमुंद**। विश्व आईवीएफ दिवस पर शहर के ज्योति आईवीएफ एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के द्वारा किलकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उन तमाम दंपत्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अब तक आईवीएफ पद्धति के जरिए अपने घरों में संतान की खुशियां बिखेरी। ज्योति आईवीएफ एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर द्वारा संस्था की ओर से किलकारी कार्यक्रम मनाया गया, जहां पर 40 से अधिक ऐसे दंपत्ति शामिल हुए, जिनके घर आईवीएफ के जरिए किलकारी गूंज रही है। सभी को संस्था की ओर से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सभी ने अपने अनुभव भी साझा किया। संस्था के डायरेक्टर डॉ ज्योति कालीकोटी और डॉ एचबी कालीकोटी ने बताया कि संस्था ने 40 से अधिक परिवार को आईवीएफ के जरिए सफल उपचार कर हेल्दी बेबी सौंपा है।








## खबर संक्षेप



### कनेश्वर महादेव का नपाध्यक्ष ने किया जलाभिषेक

**महासमुंद**। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू परिवार सहित कनेकेरा महादेव घाट स्थित स्वयंभू महादेव कनेश्वर नाथ के दर्शन करने पहुंचे। पवित्र श्रावण मास पर नपाध्यक्ष शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर रहे हैं। इसके तहत वे कनेकेरा स्वयंभू शिवलिंग की पूजा अभिषेक करने पहुँचे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान का जलाभिषेक, रूद्राभिषेक व विशेष पूजा कर भगवान शिव से क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



### खैरा में महिला मंडल ने मनाया तीज उत्सव

**महासमुंद**। ग्राम खैरा के सद्भावना सत्संग महिला मंडल ने हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम गणेश की वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की। 108 वे वर्ष में माता पार्वती को शुक्ल पक्ष श्रावण मास की तृतीया तिथि को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पर्व मां पार्वती भगवान शिव को समर्पित उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में करुणा ध्रुव, भगवती, कल्याणी, अनिता, नीतू, किरण, ललित, सोना, सरस्वती, कुंती, कुसुम, लता, उषा आदि मौजूद रहे। यह जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### आंदोलन और चक्का जाम में कांग्रेस कर रही भेदभाव : पाल

**जगदलपुर**। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेशअध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री का बेटा जेल गया तो पूरे छत्तीसगढ़ में चक्का जाम आंदोलन हुआ वहीं बस्तर के माटी पुत्र लखमा कवासी कोंटा विधायक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रायपुर जेल में बंद है। उनके लिए कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन चक्का जाम नहीं किया है। इस तरह के प्रयास को उन्होंने बस्तर के माटी पुत्र के साथ भेदभाव करना बताया है।

### रोहन घोष को मिला मीडिया प्रभारी का दायित्व

**जगदलपुर**। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने रोहन घोष को अपना मीडिया प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रोहन घोष लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं उसके विभिन्न अनुसांगिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा,जगदलपुर नगर मंडल में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे आनुसांगिक संगठन में नगर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए,पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में निरंतर सक्रिय रहे हैं।

### जेसीआई ने पौधरोपण किया

**जगदलपुर**। शनिवार को जेसीआई टीम द्वारा धुरागांव ग्राम के विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 20 पौधों का रोपण किया गया तथा 100 से अधिक पौधों को निजी स्तर पर लगाने का संकल्प लिया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रशंसनीय पहल है। इस कार्यक्रम में जेसीआइ टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। टीम का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी और सफल रहा, जिससे सभी उपस्थित जनों के लिए यह आयोजन एक यादगार अनुभव बन गया।



# होली फेथ स्कूल में मनाया गया हरेली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल में हरेली पर्व का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कविता पींचा एवं प्राचार्या शर्वरी पींचा ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में पूजन तथा विधान से कृषि उपकरणों रापा, कुदाली, हंसिया, हल आदि औजारों तथा भोग स्वरूप गुलगुला भजिया, चीला, सोहारी अर्पित किए गए।

पूजन पश्चात संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए हमारे छत्तीसगढ़ राज्य जिसे धान के कटोरा की संज्ञा दी गई है, उनका बखान सारगर्भित शब्दों में किया। अवबोध कराए कि धान के अधिक मात्रा में उत्पादन के कारण एवं ऊंचाई से देखने पर शस्य से अच्छादित छत्तीसगढ़ कटोरे समान दृश्य दिखाई देता है। इस कारण धान का कटोरा कहा जाता है। यहां की सभ्यता संस्कृति अनूठी है। यहां के लोग त्योहारों को आपस में मिलजुलकर सहिष्णुता पूर्वक मनाते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का कोरा तो मानो पर्वों बाहुल्यता से भरी है।जिनमे से एक है हरेली यह पर्व श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है। हरियाली तिहार पशुधन संरक्षण को संदेश देता है।घर के गाय, बैलों, चौपाया पशुओं को दशमूल जड़ी, जंगली गोंदली, बरगंडा पत्ता को उबालकर,गेहूं आटा की लोंदी बनाकर खिलाते हैं। जिससे पशुओं को खुरहा चपका जैसी होने वाली से बीमारी से सुरक्षित रहता है।

इस सुअवसर पर मनोरंजन, मनोविनोद के लिए छत्तीसगढ़ी नृत्य,गीत, भावभिव्यक्ति की बेहतरीन प्रस्तुति हुई। राज्यगीत अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति मानसी साहू, आरवी साहू, माहिका बंजारे,वर्षा साहू आदि बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए। भोजराम बघेल द्वारा विचार व्यक्त किए। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चे छत्तीसगढ़ी वेशभूषा परिधान में बहुत ही सुंदर नजर आए। छत्तीसगढ़ी व्यंजन भजिया, चीला, पताल के चटनी, चाउर पिसान के भजिया चौसेला, सोहांरी, कढ़ी आदि के स्वाद से चटपटा स्वाद मिला। संस्था की प्राचार्य शर्वरी पींचा ने उद्बोधन में बताए कि हमारे लिए अन्न बहुत महत्वपूर्ण है, अन्न से शरीर का पोषण होता है। अन्नापूर्णामाता का हमें शिरोधार्य सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन लवीना चंद्राकर एवं हर्षिता चंद्राकर ने संयुक्त रूप से किए। बच्चों ने जल संरक्षण, विद्युत उत्पादन, अक्षय ऊर्जा आदि पर प्रस्तुतिकरण दी। अव्वल स्थान अर्जित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में बैठक व्यवस्था प्रभारी सविता चंद्राकर, ललिता चंद्राकर, वसुंधरा यदु, पूजन प्रभारी, प्रज्ञा चंद्राकर, नंदिनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रियंका षड़ंगी, अंजली, रेखा विश्वकर्मा, आरती झा, सुनीता सिन्हा, विज्ञान प्रभारी किवंदती साहू, बरखा तिवारी, आयुष अग्रवाल, प्रीतपाल सिंग, फोटोग्राफी भावेंद्र पांडे, रुचि साहू, आकांक्षा मिश्रा के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**स्मरण :** कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

# कारगिल युद्ध के वीर जवानों के बलिदान साहस और समर्पण को किया सलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कारगिल विजय दिवस पर गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुबह की सभा विशेष रूप से कारगिल विजय को समर्पित थी, जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक अनुज सोना द्वारा अत्यंत मार्मिक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति से हुई। पश्चात कक्षा 6वीं के छात्र अंकित प्रधान ने अपने भाषण में कारगिल युद्ध के वीर जवानों के बलिदान, साहस और समर्पण को याद करते हुए कहा कि आज हम अपने घरों में सुरक्षित और निर्भय जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं तो यह हमारे वीर जवानों की तपस्या और शौर्य का ही परिणाम है। यदि वे बर्फीली चोटियों, तपती गर्मी और भीषण सर्दी में हमारी सीमाओं की रक्षा नहीं कर रहे होते, तो हम कभी चैन से न रह पाते। इसके बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मोमबत्तियां जलाकर मौन श्रद्धांजलि दी, और देश के अमर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. जॉर्ज रावटे एवं डॉ. अनीता रावटे ने कहा कि हमें देशभक्त सैनिकों से प्रेरणा लेनी चाहिए और जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से देश की सेवा करनी चाहिए।

प्राचार्य एम निवास राव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता लाकर, अच्छे नागरिक बनकर, और समाज में सकारात्मक योगदान देकर भी देश सेवा कर सकते हैं। प्रधानाचार्य मिताली गुरुंग ने कहा कि वीर जवानों के बलिदान को शब्दों में नहीं समेटा जा सकता। लेकिन हम उन्हें हमेशा याद कर, उनके साहस की कहानियों को साझा कर, और अपने जीवन में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देकर उनकी स्मृति को जीवित रख सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रप्रेम, कृतज्ञता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करना था। कारगिल विजय दिवस न केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह भी याद दिलाता है कि देशभक्ति केवल सीमा पर नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में निभाई जा सकती है।



# लगातार बारिश से वृद्धा का कच्चा मकान गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

अरंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से रूक-रूककर हो रही बारिश की वजह से जहां जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर एक बेसहारा वृद्ध महिला का कच्चा मकान ढह जाने के कारण उस पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरंड निवासी अहिल्या बाई ध्रुव पति स्व. कुमार सिंह ध्रुव को इस भारी बारिश की वजह से बेघर होने की स्थिति निर्मित हो गई। क्योंकि, उनका कच्चा मिट्टी का मकान निरंतर बारिश के पानी सह नहीं पाया और बुरी तरह से सिहर कर मकान का मलबा गिर गया। हालांकि, इस मकान का मलबा बाहर की ओर गिरने से किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। लेकिन, उन्हें किसी तरह मकान में पॉलीथिन ढंक कर रहने मजबूर जरूर होना पड़ रहा है। इस आपदा से पीड़ित गरीब अहिल्या बाई ध्रुव की प्रशासन से आवास की गुहार लगा रही है।

# दाबपाली स्कूल में मनाया गया हरेली त्योहार




**नर्रा**। बागबाहरा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में हरेली पर्व मनाया गया। जिसमें कृषि औजार कुदारी, फावड़ा गेड़ी इत्यादि की विधिवत पूजा अर्चन संस्था के प्रधान पाठक एवं स्टॉफ, अध्यनरत बच्चों द्वारा की गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिका का स्वागत वंदन किया गया। त्यौहार से संबंधित गीत कविता एवं बालिका फुगड़ी खेल एवं बालक गेड़ी दौड़ का आयोजन किया। जिसमें बच्चे विभिन छत्तीसगढ़ी खेल विधा, संस्कृति को अपने प्रतिभाओं को उजागर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंकर लाल दीवान प्रधान पाठक रहे। कार्यक्रम में प्रयास विधालय में चयनित तनूजा, धारणी का गुलाल लगाकर स्वागत एवं मुंह मीठा कराया गया।

इस अवसर पर रणजीत कौर छाबड़ा शिक्षिका, कुलेश दीवान शिक्षिका, अमित मार्टिन शिक्षक, ललित पटेल शिक्षक, सौरभ शिक्षक, भुनेश्वर नायक शिक्षक एवं स्कूल के बालक-बालिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चांदनी व लक्ष्मी ने किया।

# सड़क दुर्घटना में घायल लोगों से मिलने पहुंचे विधायक योगेश्वर, मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**महासमुंद**। शनिवार को बिरकोनी के पास हुए सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई और अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को त्वरित जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तुरंत अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उनको आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाए। घायलों से हालचाल जाना एवं उनके परिजनों से भी मुलाकात की। नेशनल हाईवे 53 में ऑटो और ट्रक में टक्कर हो गई। ऑटो में सवार लोगों को गंभीर चोटें आई। गंभीर चोट के कारण एक की मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मौके पर अस्पताल पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अस्पताल प्रबंधन को उचित उपचार के लिए निर्देशित किया। चिकित्सकों से इलाज के संबंध में जानकारी और घायलों के स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की। घायलों को चोट के कारण सिटी स्कैन की जरूरत पड़ने पर उन्हें सिटी स्कैन के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि अगर कोई गंभीर मामला है तो उनको रायपुर रेफर किया जाएगा।

## वाइज़ मैथ्स क्लासेस ने स्थापना की पहली ही साल में दिया बेहतरीन रिजल्ट

**नर्रा**। ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को प्रयास, नवोदय एकलव्य विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश कराने के उद्देश्य से वाइज़ मैथ्स क्लासेस कोमाखान की शुरुआत 2024 में की गई। प्रथम वर्ष में ही संस्था से 8 विद्यार्थियों ने उक्त प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हुए। जिसमें से 7 विद्यार्थियों का प्रयास आवासीय विद्यालय एवं 1 विद्यार्थी का एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश लिया। वाइज़ मैथ्स क्लासेस कोमाखान के संचालक केशव प्रकाश महानंद ने बताया कि इस क्लासेस का उद्देश्य हिंदी माध्यम के विद्यार्थी व आर्थिक रूप कमज़ोर परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन का बेहतर विकल्प प्रदान करना है। ताकि, विद्यार्थी को जो अवसर आगे बढ़ने का प्राप्त होता है वो हाथ से न निकले। आगे बताते है कि विद्यार्थी के पालकों से कुछ न्यूनतम फ़ीस लेकर संस्था का संचालन व्यवस्था किया जाता है। विद्यार्थिंयों के चयन से घर-परिवार, गांव, स्कूल में हर्ष का माहौल है।



## रुद्राभिषेक में शामिल हुए कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह

**महासमुंद**। श्रावण मास के दौरान विधायक कार्यालय परिसर में जारी रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम में शनिवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह सपत्नीक शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपरिवार पूजा में शामिल हुए। पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कराया। महादेव की आरती के साथ पूजन कार्य हुआ। अंत में पूजन में शामिल होने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



## अब भी भर्रीदादर खार प्यासा, पर्याप्त बारिश नहीं, बियासी कार्य अटका

**नर्रा**। सावन माह का आधा पखवाड़ा बीत गया, लेकिन इस क्षेत्र में हरुना किस्म एक हजार दस धान इत्यादि के लिए अच्छी बारिश अब तक नहीं हुई है। अब भी खेत प्यासे हैं। क्षेत्र में बियासी के लिए पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है। बता दें कि धान की बुआई आषाढ़ माह में ही शुरू हो गया था, इन फसलों के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है। इससे धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं। इन दिनों बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना है। इसके बावजूद क्षेत्र में हल्की बारिश तक सीमित है। हरेली पर्व मनाने के बाद पहले ही दिन से हो रही सावन की रिमझिम झड़ी से सिर्फ नमी बनी हुई। इन फसलों के लिए मूसलाधार बारिश की दरकार है।

# देवरी में सामाजिक भवन का लोकार्पण



**बसना**। तहसील बसना, बरोली परिक्षेत्र के ग्राम देवरी के पावन धारा में सामाजिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरम दास साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ महासमुंद, अध्यक्षता पंकज साव अध्यक्ष तहसील साहू संघ बसना, विशेष अतिथि तुलाराम साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, मकरध्वज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ सरायपाली, मोहन साहू देवरी, हेमलाल साहू अध्यक्ष बरोली परिक्षेत्र, ललित साहू उपाध्यक्ष बरोली परिक्षेत्र, गोपी साव, लोकनाथ साव, परीक्षित साव, उपेंद्र साव, कमलेश साव, विकास साव, हरिबंधु साव, बनमाली साव, प्रेमलाल साहू अध्यक्ष झलप परिक्षेत्र, रमेश कुमार साहू अध्यक्ष कौड़िया क्रमांक 2, श्याम कुमार साहू अध्यक्ष कोरिया क्रमांक 1, खेमराज साहू अध्यक्ष सिंघी परिक्षेत्र, रूप चंद साहू कोषाध्यक्ष, महेंद्र साहू अध्यक्ष सांकरा परिक्षेत्र रहे। जानकारी मिली है कि आने वाले समय में बहुत ही जल्द प्रदेश साहू संघ का चुनाव होने वाला है। उसके तुरंत बाद ग्रामीण परिक्षेत्र, तहसील और जिला का चुनाव होगा।

